फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

मोहर सिंह बनाम तहसीलदार आंधी

केस संख्या 95/2023 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
29.05.2022	प्रार्थी ने तहसीलदार आंधी के समक्ष लम्बित प्रकरण व उनवानी निहाल सिंह बनाम मोहर सिंह में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। वकील प्रार्थी को गौर से सुना गया । पत्रावली का अवलोकन किया गया । उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ के प्रकरण संख्या 31/2014 में पारित आदेश दिनांक 27.05.2014 की पालना में तहसीलदार आंधी द्वारा पत्थरगढी करवाई जा रही है। प्रार्थी उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ के आदेश से तहसीलदार आंधी द्वारा की जा रही पत्थरगढी को रूकवाना चाहता है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र मुन्तकिल प्रार्थना पत्र की श्रेणी में नहीं आता है। फलस्वरूप प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। जिला कलक्टर जयपुर	